हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार

5 फरवरी 2026, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, विक्रम संवत् 2082, बरेली



# जिंदगी की उम्मीद हैं कैंसर विजेता : एडीजी




एसआरएमएस में कैंसर विजेताओं को बुधवार को किया गया सम्मानित।

**बरेली, संवाददाता।** श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर से जंग लड़कर मात देने वाले कैंसर विजेताओं को सम्मान किया गया। एडीजी जोन रमित शर्मा ने कैंसर विजेताओं की हिम्मत को सराहा और उन्हें इस महामारी से पीड़ितों की जिंदगी की उम्मीद बताया।

एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा अपनी मां की याद में वर्ष 2007 में कैंसर इंस्टीट्यूट कैंसर इंस्टीट्यूट स्थापित किया गया। इससे पहले रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार अग्रवाल ने कैंसर, इससे बचाव के उपाय बताए। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. बिंदु गर्ग, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश आदि मौजूद रहे।

**क्लीनिक मीटिंग में कैंसर के प्रति किया जागरूक :** विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट के सहयोग से आईएमए भवन में क्लिनिकल मीटिंग हुई। डॉ. आशिष कामथान ने भारत में आम कैंसर, प्रारंभिक पहचान से जीवन रक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. गिरिश अग्रवाल, डॉ. शालिनी महेश्वरी, डॉ. कामेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

**कैंसर के प्रति किया जागरूक :** सीबीगंज के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डॉ. मधु गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।